दिनांक 24.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम जनदर्शन में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए के0एल0 चौहान

भिलाईनगर/ निगम जनदर्शन के प्रारंभ हो जाने से नागरिकों को अपनी मांग और समस्याओं से सीधे आयुक्त को अवगत कराने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जनदर्शन में निकाय के सभी जोन के आयुक्त तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहते हैं। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को वहीं संबंधित अधिकारी को सौंपा जाता है। उक्त स्थापित व्यवस्था से नागरिक लाभ उठा रहें है।

प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज 74 आवेदन जमा हुए, आवेदनों पर जनदर्शन का टोकन नम्बर डालकर संबंधित जोन तथा विभाग को आयुक्त के टीप के साथ भेजा गया है। आयुक्त चौहान ने अवैध कब्जा संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए भवन अधिकारी, राजस्व अधिकारी, को समन्वय बनाकर तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। आम्रपाली वनांचल सिटी से संबंधित शिकायत लेकर स्थानीय पार्षद उपस्थित हुए इसके निराकरण के लिए टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग के अधिकारी, भवन अनुज्ञा अधिकारी, जोन आयुक्त की एक संयुक्त दल गठन कर स्थल पर हुए नियम विपरित कार्यों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने को निर्देशित किये।

प्राप्त आवेदनों में ज्यादातर अवैध कब्जा, रोड नाली निर्माण, गार्डन का रखरखाव, बी0पी0एल0 राशन कार्ड, आदि प्रमुख मांग है। शहर में भैंस खटाल से उठने वाली गंदगी के निस्तारी के लिए भी समुह में आकर चर्चा किये, सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया कि 7 दिवस के अंदर आयुक्त जनदर्शन संबंधित आवेदनों का निराकरण करना अनिवार्य है जो आवेदन निर्माण से संबंधित है उसका प्राक्कलन तैयार कर राशि स्वीकृत हेतु शासन को भेजा जावे समस्याओं का निराकरण मौके पर पहुंचकर किया जावे।

जनसम्पर्क अधिकारी